# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 12/09/2019 को सम्पन्न सप्तम् बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह<br>कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 मनोज कुलश्रेष्ठ<br>प्रति–कुलपति<br>छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द प्रावि0 विश्वविद्यालय<br>पोस्ट–नेवइ, भिलाई, दुर्ग (छत्तीसगढ़)–491107<br>ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अनुपम अग्रवाल<br>इन्फारमेशन टेक्नालॉजी विभाग<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सुमित गांगुली<br>आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(निदेषक आई0आई0टी0, कानपुर के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 5. | प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल<br>उपनिदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य |
| 6. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह<br>निदेशक, यू0पी0टी0टी0आई, कानपुर<br>(कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 7. | श्री अवध किशोर<br>उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, अनुभाग–1<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | श्री अजय जौहरी,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | श्री राजेश सिंह,<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 10. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला,<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 करूणाकर सिंह,<br>प्रतिकुलपति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 2. | प्रो0 राजीव त्रिपाठी<br>निदेशक, एम0एन0आई0टी0, प्रयागराज<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य |
| 3. | डा0 अनिल मिश्रा<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 4. | डा0 अनिल कुमार<br>स्टेट प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेटर<br>एस0पी0आई0यू0–यू0पी0 / टेक्यूप–III (एमएचआरडी)<br>जानकीपुरम एक्सटेंशन, लखनऊ | विशेष आमंत्री |

परिषद् के सदस्य–सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**7.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 26/06/2019 को सम्पन्न षष्टम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 26/06/2019 को सम्पन्न कार्य परिषद् की षष्टम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**7.02: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 26/06/2019 को सम्पन्न षष्टम बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने 26/06/1019 को सम्पन्न षष्टम बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

**7.03: विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 05/09/2019 को सम्पन्न 9वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय वित्त समिति की दिनांक 05/09/2019 को सम्पन्न 9वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**7.04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 30/08/2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय विद्या परिषद की दिनांक 30/08/2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**7.05: विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 30/08/2019 को सम्पन्न षष्टम बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति की दिनांक 30/08/2019 को सम्पन्न षष्टम बैठक के कार्यवृत्त का संज्ञान लिया एवं निदेशित किया कि निर्माण कार्यों को विश्वविद्यालय हित में समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाय।

**7.06: विश्वविद्यालय की उदभवन हब परिषद की दिनांक 28/08/19 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय उदभवन हब परिषद की दिनांक 28/08/2019 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का संज्ञान लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**7.07 विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) परियोजना एवं रुसा (RUSA)की प्रगति आख्या के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित) एवं रुसा (RUSA) की



Scanned by CamScanner

वर्तमान प्रगति आख्या पर संतोष व्यक्त करते हुये समयबद्ध रूप से कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

**7.08: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में 05 सदस्यों को नामित करने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में पूर्व नामित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के दृष्टिगत उनके स्थान पर कार्य परिषद् द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शैक्षणिक श्रेष्ठता प्राप्त पॉच व्यक्तियों जो विश्वविद्यालय के कर्मचारी न हों, को निम्नानुसार सदस्य के रुप में नामित किया :—

1. **Prof. Dharmendra Singh**
   Electronics and Communication Engineering Department
   IIT Roorkee-247667 (UT)

2. **Prof. O.P. Vyas,**
   Information Technology Department,
   IIIT Allahabad

3. **Prof. Onkar Dikshit**
   Civil Engineering Department
   IIT Kanpur
   Kanpur-208016

4 **Prof. K.V. Arya**
   ABV-Indian Institute of Information Technology and Management,
   Gwalior-474015 (MP)

5 **Prof. K.K. Pant**
   Chemical Engineering Department
   IIT Delhi
   Delhi-110016

**7.09: विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019—20 में विभिन्न बी0टेक0 पाठ्यक्रमों, एम0सी0ए0, एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) तथा पी0एच0डी0 पाठ्यकमों में प्रवेश का विवरण।**

परिषद् ने शैक्षिक सत्र 2019—20 में विभिन्न बी0टेक0 पाठ्यकमों, एम0सी0ए0, एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) तथा पी0एच0डी0 पाठ्यकमों में हुए प्रवेश को संज्ञान में लिया और विश्वविद्यालय स्तर से कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

**7.10: विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019—20 में प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2019—20 में विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजन किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई तथा दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किये जाने वाले महानुभाव/गणमान्य के नाम का चयन करने हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद् को अधिकृत किया गया। साथ ही आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में छात्र—छात्राओं आदि द्वारा प्रयोग किये जाने वाले परिधान (Dress) यथा उत्तरीय, पगडी आदि के रंग (Colour) का निर्धारण निम्नानुसार किये जाने के निदेश दिये :



Scanned by CamScanner

**बी0टेक0 विधा हेतु परिधान**

प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं के लिए सफेद कुर्ता, पैजामा/शमीज, सलवार सामान्य परिधान के रुप में निर्धारित होगा। साथ ही छात्रों/छात्राओं को नारंगी रंग की पगड़ी व उत्तरीय, जिसके मध्य में विश्वविद्यालय लोगो मुद्रित होगा।

**एम0सी0ए0 विधा हेतु परिधान**

प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं के लिए सफेद कुर्ता, पैजामा/शमीज, सलवार सामान्य परिधान के रुप में निर्धारित होगा। साथ ही छात्रों/छात्राओं को लाल रंग की पगड़ी व उत्तरीय, जिसके मध्य में विश्वविद्यालय लोगो मुद्रित होगा।

**एम0टेक0 विधा हेतु परिधान**

प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं के लिए सफेद कुर्ता, पैजामा/शमीज, सलवार सामान्य परिधान के रुप में निर्धारित होगा। साथ ही छात्रों/छात्राओं को पीले रंग की पगड़ी व उत्तरीय, जिसके मध्य में विश्वविद्यालय लोगो मुद्रित होगा।

**पी0एच0डी0 विधा हेतु परिधान**

प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं के लिए सफेद कुर्ता, पैजामा/शमीज, सलवार सामान्य परिधान के रुप में निर्धारित होगा। साथ ही छात्रों/छात्राओं को हरे रंग की पगड़ी व उत्तरीय, जिसके मध्य में विश्वविद्यालय लोगो मुद्रित होगा।

परिषद् द्वारा उपरोक्त के साथ ही साथ मा0 कुलाधिपति की मंशानुरुप विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कानपुर नगर स्थित किसी सरकारी स्कूल के छात्र–छात्राओं तथा प्रतिष्ठित स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने एवं स्कूली छात्र–छात्राओं को उपहार दिये जाने पर सहमति व्यक्त की गई और साथ ही दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, विशिष्ट गणमान्यों एवं शैक्षणिक शोभायात्रा के सदस्यों को परिधान के रूप में उच्च कोटि की सदरी तथा उत्तरीय विश्वविद्यालय स्तर से तैयार कराते हुये प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**7.11: विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति उपरान्त सत्रांत लाभ अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति उपरान्त सत्रांत लाभ अनुमन्य करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही परिषद् ने भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को विश्वविद्यालय एवं छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व की भॉति सत्रांत लाभ अनुमन्य करने हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद् को अधिकृत किया।

**7.12: श्री जितेन्द्र भास्कर, एसोसिएट प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजी0 विभाग की पूर्व सेवाओं को सेवानिवृत्तिक लाभों हेतु जोड़े जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने श्री जितेन्द्र भास्कर, एसोसिएट प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा पूर्व में गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्त नगर, उत्तराखण्ड की सेवाओं को सेवानिवृत्तिक लाभों हेतु शासन के आदेश कम में जोड़े जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

Scanned by CamScanner

**7.13:** **विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना TEQIP-III के सुचारू संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों को परिषद के अनुमोदनार्थ लाये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना TEQIP-III के सुचारू संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों को संज्ञान में लेते हुये अपना कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

**7.14:** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**7.14.01:** **श्री अनिल कुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक, लेखा विभाग (निलंबित) की जॉच रिपोर्ट परिषद के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा श्री अनिल शर्मा, कनिष्ठ सहायक, लेखा विभाग को पत्रांक 878/अदम/एन.टी.सी./2018 दिनांक 15/11/2018 से निलम्बित करते हुये जॉच हेतु पत्रांक 891/अदम/एन.टी.सी./2018 दिनांक 20/11/2018 से गठित एक सदस्यीय जॉच समिति एवं जॉच अधिकारी प्रो0 दिप्तीक परमार द्वारा 144/Dean(CE&IQA)/Inq. Report-NTC/2019 दिनांक 13/03/2019 से प्रथम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसको स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा विस्तृत जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा के साथ वापस किया गया था। जॉच अधिकारी द्वारा पत्रांक 166/Dean(CE&IQA)/Inq. Report-NTC/2019 दिनांक 24/08/2019 से पुनः जॉच आख्या प्रस्तुत की गई। जॉच आख्या को कार्य परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ/निर्देशार्थ प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण के सम्बन्ध में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त कार्य परिषद् द्वारा अपचारी कर्मी को लघुदण्ड के रूप में निलम्बन अवधि के दौरान प्राप्त किये गये जीवन निर्वाह भत्ते के अतिरिक्त अन्य वेतन भत्ते न दिये जाने के साथ ही निलम्बन अवधि को सेवा सम्बन्धी सभी प्रयोजनों हेतु जोडे जाने तथा अस्थाई रूप से 01 वेतन वृद्धि रोके जाने का निर्णय लिया गया। कर्मचारी द्वारा आचरण एवं कार्य व्यवहार में अपेक्षित सुधार लाने पर रोकी गई वेतनवृद्धि कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद् द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

**7.14.02:** **एच0बी0टी0आई0/एच0बी0टी0यू0 कानपुर के सीनियर नोटर एण्ड ड्राफ्टर (एस0एन0डी0) को दिनांक 01.07.1979 से वेतनमान रू0 430–685 के स्थान पर रू0 470–735 व दिनांक 01.01.1986 से वेतनमान रू0 1200–2040 के स्थान पर वेतनमान रू0 1350–2200 एवं दिनांक 01.01.1996 से वेतनमान रू0 4000–6000 के स्थान पर रू0 4500–7000 प्रतिस्थापित करते हुए दिनांक 01/01/2006 से पे बैण्ड–1, ग्रेड पे रू0 2800 प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

परिषद् ने प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त एच0बी0टी0आई0/ एच0बी0टी0यू0 कानपुर के सीनियर नोटर एण्ड ड्राफ्टर (एस0एन0डी0) के वेतनमान में दिनांक 01.07.1979 से उत्पन्न विसंगति को संज्ञान में लेते हुए दिनांक 01.07.1979 से वेतनमान रू0 430–685 के स्थान पर वेतनमान रू0 470–735 व दिनांक 01.01.1986 से वेतनमान रू0 1200–2040 के स्थान पर वेतनमान रू0 1350–2200 एवं दिनांक 01.01.1996 से वेतनमान रू0 4000–6000 के स्थान पर वेतनमान रू0 4500–7000 प्रतिस्थापित करते हुए दिनांक 01.01.2006 से पे बैण्ड–1 5200–20200, ग्रेड पे रू0 2800 प्रदान किये जाने एवं तद्नुसार आश्वासन समिति, विधान परिषद् को सूचित किये जाने को संज्ञान में लेते हुये सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की एवं उक्त विसंगति को शासन से शीघ्र ठीक कराने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं शासन से निर्देश प्राप्त होने तक प्रकरण में प्रस्तावानुसार यथास्थिति बनाये रखने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

mb.



Scanned by CamScanner

7.14.03: **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 21.05.2019 एवं 30.08.2019 को सम्पन्न क्रमशः 11वीं एवं 12वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 21/05/2019 एवं 30/08/2019 को सम्पन्न 11वीं एवं 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का संज्ञान लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

7.14.04 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में अभातशिप के अनुसार विभिन्न स्कूल्स के अन्तर्गत संचालित विधाओं के यू0जी0/पी0जी0 टीचिंग लोड का आंकलन कर शैक्षिक पदों का पुर्नवर्गीकरण करने एवं हिन्दी वर्णानुक्रम अनुसार विधाओं को व्यवस्थित कर सीधी भर्ती के लिए 100 बिन्दुओं का रोस्टर लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में यू0जी0/पी0जी0 टीचिंग लोड का आंकलन कर शैक्षिक पदों का पुर्नवर्गीकरण करने एवं ई0डब्ल्यू0एस0 तथा रोस्टर प्रणाली के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों को अंगीकृत करते हुये हिन्दी वर्णानुक्रम अनुसार विधाओं को व्यवस्थित कर सीधी भर्ती के लिए 100 बिन्दुओं की रोस्टर प्रणाली को प्रस्तावानुसार लागू करने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

(प्रो0 मनोज कुमार शुक्ल)
सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner